फर्जीवाड़ा : ढाई महीने में फर्जी बनाए 12 सौ से अधिक आधार कार्ड

फर्जी प्रमाण पत्र व आधार बनाने वाले तीन गिरफ्तार

कार्रवाई

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस व एसओजी टीम ने शनिवार को फर्जी दस्तावेज से आधार बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के सरगना पंचायत सहायक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज व उपकरण भी बरामद किए।

एसओजी, मल्हीपुर थाना पुलिस व एसएसबी की टीम ने मल्हीपुर क्षेत्र के रामपुर जब्दी गांव स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में छापेमारी कर फर्जी दस्तावेज बनाने के गिरोह का पर्दाफांस किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी इस पर टीम बीते कई दिनों से मामले में रेकी कर रही थी। मामले की पुष्टि होने के बाद शनिवार को छापेमारी की कार्रवाई की गई। जिसमें मौके से फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज जैसे आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि बरामद किए गए।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर जब्दी के पंचायत सचिवाय में तैनात पंचायत सहायक इसी गांव निवासी एहसान उल्ला पुत्र इनामुल्ला सचिवालय भवन में फर्जी दस्तावेज बनाने का धंध चला रहा था। इस काम में उसके दो अन्य सहयोगी अरविन्द यादव पुत्र सालिकराम यादव निवासी रामपुर जब्दी व राशिद पुत्र मुस्ताक अली निवासी सोहरिया थाना मल्हीपुर संलिप्त थे। तीनों आरोपी लोगों का फर्जी तरीके से आधार कार्ड व अन्य फर्जी दस्तावेज बनाते थे। टीम ने मौके से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज व उपकरण बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें जेल भेजा दिया गया।

बरामद किए गए दस्तावेज व उपकरण : टीम ने मौके से आठ फर्जी निवास प्रमाण पत्र, तीन फर्जी आय प्रमाण पत्र, तीन लैपटाप, चार मोबाइल, एक प्रिंटर बरामद किया है। इसके साथ ही दो इंकटोनर आदि बरामद किया है।

फर्जीवाड़े में पकड़े गए आरोपियों की जानकारी देते एसपी।

> रामपुर जब्दी गांव में तीन लोग पकड़े गए हैं। जिनके पास से अवैध आधार कार्ड, अवैध दस्तावेज बनाने का साक्ष्य मिला है। मौके से फर्जी दस्तावेज व उपकरण बरामद हुए हैं। लगभग ढाई महीने से यह धंधा चल रहा था। आरोपियों ने अब तक लगभग 1200 आधार कार्ड बनाए व अपडेट किए हैं। मामले की जांच की जा रही है।
>
> –**घनश्याम चौरसिया**, पुलिस अधीक्षक